# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001

☎(0591) 3511043 ✉ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 2 / [illegible] /

दिनांक 19/4/ 2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – <u>ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 19.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक " जल जीवन मिशन को नहीं मिली राह, अधूरी रह गई साफ पानी की चाह " के सम्बन्ध मे</u>

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 19.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक "जल जीवन मिशन को नहीं मिली राह, अधूरी रह गई साफ पानी की चाह" की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। जलजीवन मिशन से जुड़े सरकार और अवाम के सपने इस गर्मी में भी पूरे नहीं हो सके। धीमी गति और जिम्मेदारों के ढीले रुख के कारण ज्यादातर गांवों में मिशन से जुड़े काम मुकाम नहीं पा सके। कहीं ओवरहेड टैंक अधूरा है तो कहीं पाइप लाइन का काम। ग्रामीण बार–बार शिकायतें करके भी अपने घर तक जलधारा की चाहत पूरी नहीं कर सके हैं। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उददेश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह सयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भाँति पुर्नस्थापित एवं शेष सडकों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025 द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | **महज बोरिंग तक सीमित जलजीवन मिशन का काम**<br>**ठाकुरद्वारा।** ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के गांव फौलादपुर में जलजीवन मिशन का काम सिर्फ बोरिंग तक सीमित है। बोरिंग के बाद मिशन को आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया गया। लोगों की शिकायत है कि घर तक साफ पानी आया नहीं, पाइप लाइन के नाम पर सड़कें और खोदकर डाल दीं।<br>गांव रघुनाथपुर में पाइप लाइन बिछाकर कुछ घरों में कनेक्शन दे दिए लेकिन यहां तक पानी की सप्लाई के लिए फौलादपुर में पाइप लाइन का काम पूरा होना जरूरी है। जल निगम की अनदेखी के कारण ओवरहेड टैंक के प्रस्तावित स्थान पर उपलों का बाजार नजर आता है। ध्यान न दिए जाने से इस स्थान का इस्तेमाल उपले थापने के लिए किया जा रहा है।<br>ग्राम प्रधान रईस अहमद ने बताया कि एक साल से गांव में योजना का काम बंद है। टैंक का निर्माण नहीं किया गया। सोलर पैनल लगाने के लिए भी सिर्फ ढांचा ही खड़ा हो सका है। पूरे गांव में पाइप लाइन भी नहीं डाली गई। जल निगम के जेई से शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण मोहम्मद याकूब का कहना है कि खोदी गई सड़कों की मरम्मत न करने से समस्या बढ़ गई है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के गांव फौलादपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम फौलापुर, **रघुनाथपुर पेयजल योजना से आच्छादित है, योजना** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस के कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण, बाउण्ड्री वॉल के कार्य 65 प्रतिशत पूर्ण एवं सोलर अधिष्ठापन के कार्य 30 प्रतिशत पूर्ण है। योजना में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 3 | **टैंक बने गुजरे दो साल, नहीं सुधरा हाल**<br>**बिलारी।** क्षेत्र के गांव थांवला में ओवरहेड टैंक बने दो साल हो गए लेकिन गांव के एक तिहाई घरों में इससे पानी नहीं पहुंच सका है। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम थांवला की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>थांवला ग्रामीण पेयजल योजना के निर्माण एवं तत्सम्बन्धित |

| | | |
|---|---|---|
| | हालात से निराश ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक जलजीवन मिशन का कोई लाभ नहीं मिला है।<br>**थांवला** की आबादी लगभग 12 हजार है। ओवरहेड टैंक बनने से लोगों को घर बैठे साफ पानी मिलने की उम्मीद जगी थी लेकिन इस बार की गर्मी चरम की ओर बढ़ गई पर पानी नहीं मिला।<br>ग्राम प्रधान सायरा बेगम के पति हाजी इकरार हुसैन ने कहा कि अभी एक तिहाई घरों में तक भी कनेक्शन नहीं दिए गए। पाइप लाइन की खोदाई से उखड़ी सड़कें वैसी ही छोड़ दीं। जल निगम के जेई दुष्यंत कुमार ने बताया कि थांवला की पेयजल परियोजना का सीधा संबंध उत्तर प्रदेश जल निगम से नहीं है। निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ के पास जिम्मेदारी है। | कार्य यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 विभाग द्वारा कराये गये है एवं विभाग द्वारा पेयजल गृह संयोजनों में टोटी लगाकर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी गयी है। जनपद अन्तर्गत पूर्व निर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु मुख्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ द्वारा फर्म मै0 एस0एस0एन0आर0 को अनुबन्धित किया गया है। |
| 4 | आठ माह से नहीं पानी की सप्लाई<br>**कुंदरकी। ग्राम पंचायत चिड़ियाठेर** में दो साल पहले भूमिगत पाइप लाइन बिछाई गई थी। नलकूप से सीधे घरों तक पानी की आपूर्ति पहुंचाई जा रही थी लेकिन आठ माह से चिड़ियाठेर और उसके मजरा **कुतुबपुर अज्जू** की तीन हजार से अधिक की आबादी तक पानी की सप्लाई नहीं पहुंच रही। चिड़ियाठेर निवासी अमित कुमार का कहना है कि सोलर सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण नलकूप नहीं चल पा रहा। इसीलिए बीते आठ माह से आपूर्ति बाधित है। वहीं, कुतुबपुर अज्जू निवासी हुकुम सिंह का कहना है कि ओवरहेड टैंक अधर में लटका है। यह चालू हो तो पेयजल आपूर्ति सुचारु हो सके। ग्रामीणों ने गर्मी का हवाला देते हुए जल्द जलापूर्ति की मांग की है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम चिड़ियाठेर की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम **चिड़ियाठेर** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने, पेयजल गृह संयोजन, पम्प हाउस एवं सोलर अधिष्ठापन के कार्य पूर्ण कर योजना से डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही थी। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |
| 5 | **ओवरहेड टैंक अधूरा, नहीं मिलता साफ पानी**<br>**कांठ। गांव मथाना** में वर्ष 2023 में 168.53 लाख की लागत के काम अनदेखी का शिकार हो गए। जलापूर्ति के लिए नलकूप, पाइप लाइन, घरों तक टोंटी के लिए पाइप लगाने के काम के बाद तो हुए मगर कवायद आगे नहीं बढ़ी। ओवरहेड टैंक अधूरा है। काम के नाम पर उसके अधबने पिलर ही हैं। सोलर सिस्टम की व्यवस्था भी नहीं हुई।<br>गांव निवासी रियाजू, मुखराम, राजन यादव, चंद्रशेखर, नितेश, लालता प्रसाद आदि ने कहा कि टैंक का निर्माण अधूरा है। डेढ़ साल से काम बंद है। एक बार टेस्टिंग की तो पाइप लाइन में लीकेज की समस्या सामने आ गई। घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम मथाना की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**मथाना ग्रामीण पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है, योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने, पेयजल गृह संयोजन, पम्प हाउस एवं उच्च जलाशय के कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण है। शीघ्र ही फर्म द्वारा शेष कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |
| 6 | **ओवरहेड टैंक नहीं हुआ तैयार, पानी का इंतजार**<br>**सुरजन नगर। क्षेत्र के ग्राम दुल्हापुर पट्टी चौहान** में अक्तूबर 2022 में ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। गांव में गली–गली पाइप लाइन डालकर घरों में कनेक्शन दे दिए। पानी के लिए बोरिंग भी करा दिया लेकिन अधूरे ओवरहेड टैंक के कारण पानी की आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी। ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। शिकायत के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। नवंबर 2024 से ओवरहेड टैंक का काम बंद है। लिहाजा ग्रामीण घर–घर पानी का इंतजार ही कर रहे हैं। ठेकेदार हनीफ का कहना है कि पैसा न मिलने से ओवरहेड टैंक निर्माण बंद है। धन आते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम दुल्हापुर पट्टी चौहान की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>दुल्हापुर पट्टी चौहान ग्रामीण पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत उच्च जलाशय के कार्य 37 प्रतिशत पूर्ण, बाउण्ड्री वॉल के कार्य 65 प्रतिशत पूर्ण एवं वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7वी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादावाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता